(1255/VB/SMN)
1257 बजे

(लोक सभा बारह बजकर सत्तावन मिनट पर समवेत् हुई)
(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)
(राष्ट्र गान की धुन बजाई गई)

नियम 384 में छूट देने के बारे में टिप्पणी

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप जानते हैं, भारत के संविधान के अनुच्छेद 87 के अनुसार, प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के आरंभ में, राष्ट्रपति एक साथ समवेत दोनों सभाओं को संबोधित करते हैं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में दोनों सभाओं के सभी सदस्य बिना किसी कठिनाई के उपस्थित हो सकें, इसलिए मैं इस सभा की ओर से लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 384 में छूट देते हुए इस कक्ष का उपयोग राष्ट्रपति के अभिभाषण के स्थान के रूप में करने के प्रस्ताव पर सहमत हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि सभा इससे सहमत होगी।

अनेक माननीय सदस्य : जी हाँ।

माननीय अध्यक्ष: आइटम नं. 1, महासचिव।

PRESIDENT'S ADDRESS – LAID

1258 hours

SECRETARY-GENERAL: I beg to lay on the Table a copy of the President’s Address to both Houses of Parliament assembled together on the 31st of January, 2024.

{FOR THE TEXT OF THE PRESIDENT’S ADDRESS
(HINDI AND ENGLISH VERSIONS),
PLEASE SEE THE PRINTED COPY, PP 1-A to 1-AAN}

निधन संबंधी उल्लेख

1258 बजे

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दु:ख के साथ, अपने दो पूर्व साथियों के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्री भद्रेश्वर तांती असम के कलियाबोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री तांती ने विशेषाधिकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री भद्रेश्वर तांती का निधन 4 दिसम्बर, 2023 को 79 वर्ष की आयु में असम के गोलाघाट में हुआ।

(1300/PC/SM)

श्री सोनावणे प्रताप नारायणराव महाराष्ट्र के धुले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पन्द्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री सोनावणे ने जल संसाधन संबंधी समिति और शहरी विकास संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

इससे पूर्व, श्री सोनावणे दो कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य भी रहे।

श्री सोनावणे प्रताप नारायणराव का निधन 22 दिसम्बर, 2023 को 75 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र के नासिक में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा उनके शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

माननीय अध्यक्ष: ओम् शांति: शांति: शांति:।

विशेषाधिकार समिति
सातवां प्रतिवेदन

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं विशेषाधिकार समिति का सातवां प्रतिवेदन (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही गुरुवार, 01 फरवरी, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1301 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 01 फरवरी 2024 / 12 माघ 1945 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।